भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या : *228
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 17 मार्च, 2025
26 फाल्गुन, 1946 (शक)

भिवानी-महेंद्रगढ़ में विरासत स्थल

*228. **श्री धर्मबीर सिंह:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार की सांस्कृतिक संरक्षण योजनाओं के अंतर्गत हरियाणा के भिवानी-महेंद्रगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में संरक्षण के लिए कितने विरासत स्थल चिन्हित किए गए हैं;

(ख) क्या सरकार ने उक्त निर्वाचन क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय लोक कला, संगीत और साहित्य को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार की कलाकारों को सहायता देने के लिए भिवानी या महेंद्रगढ़ में क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र स्थापित करने की कोई योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ.): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

लोकसभा में दिनांक 17.03.2025 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या *228 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण

(क): हरियाणा राज्य के महेंद्रगढ़ जिले में तीन केंद्रीय संरक्षित स्मारक तथा भिवानी जिले में एक केंद्रीय संरक्षित पुरातत्वीय स्थल है जिनकी देखभाल और रख-रखाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जाता है। भिवानी और महेंद्रगढ़ जिले में स्थित केंद्रीय संरक्षित स्मारकों की सूची **अनुबंध-I** में संलग्न है।

(ख) और (ग): भारत सरकार ने हरियाणा राज्य (भिवानी - महेंद्रगढ़) सहित सदस्य राज्यों के लोक नृत्य और संस्कृति के विभिन्न रूपों की रक्षा, संवर्धन और परिरक्षण के लिए उत्तरी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनजेडसीसी), पटियाला और उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसीसी), प्रयागराज की स्थापना की है। ये क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र हरियाणा सहित अपने सदस्य राज्यों में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों और कार्यक्रमों का नियमित आधार पर आयोजन करते हैं।

(घ) और (ड.): एनजेडसीसी, पटियाला और एनसीजेडसीसी, प्रयागराज भिवानी- महेंद्रगढ़ सहित हरियाणा राज्य की सांस्कृतिक आवश्यकताओं को संतोषजनक से पूरा करते हैं।

अनुबंध- ।

लोक सभा में दिनांक 17.03.2025 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या *228 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

क्र.सं.	स्मारक/स्थल का नाम	स्थान	ज़िला
1.	जल महल और आसपास की भूमि	नारनौल	महेंद्रगढ़
2.	शाह इब्राहीम का मकबरा और आसपास की ज़मीन	नारनौल	महेंद्रगढ़
3.	शाह कुली खान का मकबरा और आसपास की भूमि	नारनौल	महेंद्रगढ़
4.	प्राचीन स्थल	नौरंगाबाद	भिवानी

*****